दिनांक–08.04.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में लंबित शिकायतों के संबंध में कार्यपालक अभियंता, औरंगाबाद तथा अरवल एवं नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के साथ V.C के माध्यम से आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–

➢ **लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद :–**

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि बारूण प्रखंड के मदनपुर पंचायत में दो योजना बंद पाई गई, जिसमें 1 योजना की निविदा नहीं हुई है। विशेष सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित स्थान पर तत्काल चापाकल अधिष्ठापित किया जाय।

अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ नवनियुक्त सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि बारूण प्रखंड के ओरा पंचायत के वार्ड नं0–2 में संबंधित योजना में स्टेपलाइजर नहीं है, पंप ऑपरेटर को वेतन का ससमय भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही वार्ड नं0–06 में 01 योजना (LOT) की निविदा नहीं हुई है तथा अन्य योजना का मोटर खराब हो गया है एवं वार्ड नं0–11 में 50 घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा। जिसके लिए विशेष सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि एक नए बोरिंग का निर्माण किया जाय।

अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ नवनियुक्त सहायक अभियंता द्वारा समीक्षा के क्रम में बताया गया कि दाउदनगर प्रखंड के तरारी पंचायत के वार्ड सं0–12 में 40 घरों को कनेक्शन भूमि विवाद के कारण नहीं दिया गया। विशेष सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित कार्यपालक अभियंता विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संपर्क स्थापित कर कार्य का, निष्पादन करेंगें।

अनुपालनः– विशेष कार्य पदाधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता ।

➢ **लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल :–**

❖ अरवल प्रमंडल के समीक्षा के क्रम में नवनियुक्त सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि कुर्था प्रखंड के धमौल पंचायत में 11 घरों में पानी का कनेक्शन नहीं हैं, संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 10 दिन में कार्य हो जाएगा।

❖ करपी प्रखंड के बेलखाड़ा पंचायत के वार्ड नं0– 7 एवं 8 में नया कनेक्शन निर्माणाधीन है तथा वार्ड नं0– 11 में **PRD** से संबंधित योजना में ऑपरेटर का 1 वर्ष से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। संबधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि इसका निदान करना सुनिश्चित करेंगे।

❖ अरवल प्रखंड के सोनबरसा पंचायत के वार्ड नं0–11 में पाईपलाईन लिकेज की समस्या है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि अविलंब लीकेज मरम्मति करना सुनिश्चित करें।

अनुपालनः–संबंधित कार्यपालक अभियंता।

❖ संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि ऐसे कुल 23 स्थान है जहां भूमि को लेकर विवाद है। जिसके लिए विशेष सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा वार्ता कर समस्या का शीघ्र ही निराकरण करें।

अनुपालनः— विशेष कार्य पदाधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता ।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त की गई।

08.04.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः— 14/बैठक—101/24—346 दिनांक— 05/5/26
प्रतिलिपिः— अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव(मु0/का0प्र0)/ क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना/ अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सासाराम एवं आरा/विशेष कार्य पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद एवं अरवल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः—14/बैठक—101/24—346 दिनांक— 05/5/26
प्रतिलिपिः— सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)